सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 275 | इंदौर, बुधवार 17 अप्रैल, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए



'दशरथ के राजदुलारे,कौशल्या की आँखों के तारे' 'ये सूर्यवंश के सूरज है और रघुकुल के उजियारे' !! रामनवमी के अदभुत प्रेम पर्व की बहुत बहुत प्रेममयी बधाईया !!

*राम रामेति रामेति, रमे रामे मनोरमे।*
*सहस्रनाम तत्तुल्यं, रामनाम वरानने ॥*

# छिंदवाड़ा में कांटे की टक्कर, सीधी और मंडला में भाजपा को चुनौती

## बालाघाट, जबलपुर, शहडोल में मजबूत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल। मध्य प्रदेश में पहले चरण में छह सीटों पर 19 अप्रैल शुक्रवार को मतदान होगा। इसमें छिंदवाड़ा के साथ ही बालाघाट, जबलपुर, सीधी, मंडला और शहडोल सीट शामिल हैं। इन सीटों पर बुधवार शाम को चुनाव प्रचार थम जाएगा। इससे पहले भाजपा और कांग्रेस दोनों ही पार्टियों ने मतदाताओं को साधने पूरा जोर लगा दिया। भाजपा मोदी के चेहरे के साथ ही राममंदिर, हिंदुत्व और केंद्र की तमाम हितग्राही योजनाओं को लेकर मैदान में है। वहीं, कांग्रेस प्रत्याशी अपनी छवि के साथ ही आदिवासी वोटरों के भरोसे है। इसमें सबसे रोचक मुकाबला छिंदवाड़ा सीट पर है।

### छिंदवाड़ा : आदिवासियों के हाथ चाबी

छिंदवाड़ा में मुकाबला बराबर का है। यहां पर आदिवासी वोटर हार जीत तय करेंगे। संसदीय सीट पर 37 प्रतिशत आबादी आदिवासी वर्ग की है। यही वजह है कि भाजपा ने अमरवाड़ा से विधायक कमलेश शाह को भाजपा में शामिल कराया। वहीं, सबसे बड़ा मुद्दा क्षेत्र की जनता का नकुलनाथ को पसंद नहीं करना है। हालांकि, लोग कमलनाथ को अभी भी मानते हैं कि उन्होंने जिले में विकास कार्य कराए हैं। यही वजह है कि अब कमलनाथ ने चुनाव में मोर्चा संभाल लिया है। वहीं, भाजपा मोदी को आगे रख कर चुनाव लड़ रही है।

### बालाघाटः मुंजारे से कांग्रेस मुश्किल में

बालाघाट संसदीय सीट पर भाजपा आगे दिखाई दे रही हैं। यहां पर भाजपा ने सांसद ढाल सिंह बिसेन का टिकट काट कर भारती पारधी को प्रत्याशी बनाया है। वहीं, कांग्रेस ने सामान्य वर्ग से आने वाले सम्राट सरस्वार पर दांव लगाया है। यहां पर सामान्य वर्ग का वोट प्रतिशत बहुत कम है। हालांकि, लड़ाई पवार वर्सेस लोधी की है। बालाघाट से विधायक अनुभा मुंजारे लोधी समाज से आती हैं। ऐसे में कांग्रेस प्रत्याशी को लोधी वोट मिल जाने थे, लेकिन अनुभा मुंजारे के पति पूर्व सांसद कंकर मुंजारे बीएसपी के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं। इसका कांग्रेस को नुकसान हो रहा है।

### मंडला : बंट रहे आदिवासी वोट

मंडला में भी भाजपा कांग्रेस से आगे दिखाई दे रही है। हालांकि, भाजपा प्रत्याशी और केंद्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते के सामने चुनौती है। दरअसल उनका जनता में विरोध है। कुलस्ते निवास सीट से विधानसभा चुनाव भी हार गए थे। हालांकि, भाजपा मुफ्त राशन, पीएम आवास, लाडली बहना योजना और मोदी के चेहरे पर चुनाव लड़ रही है। कांग्रेस ने विधायक ओमकार सिंह मरकाम को टिकट दिया है। कांग्रेस को आदिवासी वोटों पर भरोसा है। इस सीट पर आठ में पांच विधासभा सीटें कांग्रेस के पास है। गोंडवाना गणतंत्र पार्टी चुनाव लड़ रही है। ऐसे में आदिवासी वोट बंटने से कांग्रेस को नुकसान होता दिख रहा है।



### जबलपुरः कांग्रेस 1991 के बाद से नहीं जीती

जबलपुर में भाजपा कांग्रेस के सामने बहुत मजबूत दिखाई दे रही है। इसका बड़ा कारण महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, पूर्व विधायक नीलेश अवस्थी और एकता ठाकुर का भाजपा में शामिल होना भी है। इससे कांग्रेस को बहुत नुकसान हुआ है। यहां पर कांग्रेस ने आखिरी बार 1991 में जीत दर्ज की थी। इसके बाद से यहां पर भाजपा ही चुनाव जीतते आ रही है। यहां से भाजपा ने आशीष दुबे को और कांग्रेस ने दिनेश यादव को प्रत्याशी बनाया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जबलपुर में रोड शो कर प्रदेश में चुनाव प्रचार का आगाज किया था। भाजपा हिंदूत्व और राम मंदिर को आगे रखकर चुनाव लड़ रही है।

### शहडोल : मोदी फैक्टर व विकास आगे

शहडोल में भाजपा आगे दिखाई दे रही है। यहां की आठ विधानसभा सीट में से सिर्फ एक सीट पुष्पराजगढ़ सीट कांग्रेस के पास है। इस सीट से विधायक फूंदेलाल मार्को को ही कांग्रेस ने टिकट दिया है। वहीं, भाजपा ने सांसद हिमाद्री सिंह को प्रत्याशी बनाया है। केंद्र सरकार की योजनाओं का फायदा आदिवासियों को मिल रहा है। वहीं, मोदी फैक्टर चल रहा है। इस क्षेत्र में भाजपा को विकास का भी फायदा मिलता दिख रहा है।

### सीधीः मुकाबला सीधा नहीं, फंस हुआ

सीधी सीट पर मुकाबला फंस गया है। यहां पर निर्दलीय प्रत्याशी और गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के प्रत्याशी भाजपा को नुकसान पहुंचा रहे है। इस लोकसभा सीट की आठ में से सिर्फ एक सीट चुरहट की कांग्रेस के पास है। भाजपा ने सामान्य वर्ग से आने वाले डॉ. राजेंद्र मिश्रा को प्रत्याशी बनाया है, जबकि कांग्रेस ने अन्य पिछड़ा वर्ग से आने वाले पूर्व विधायक कमलेश्वर पटेल पर दांव लगाया है। भाजपा से बागी पूर्व सांसद अजय प्रताप सिंह गोंडवाना गणतंत्र पार्टी से चुनाव लड़ रहे हैं।

# प्रथम चरण का प्रचार आज शाम 6 बजे से बंद होगा

## बैहर, लांजी और परसवाड़ा में शाम 4 बजे खत्म होगा प्रचार



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल**। लोकसभा निर्वाचन-2024 के प्रथम चरण में मध्य प्रदेश के जिन 6 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 19 अप्रैल को सुबह 7 से शाम 6 बजे तक मतदान होना है, वहां पर 17 अप्रैल की शाम 6 बजे से चुनाव प्रचार बंद हो जाएगा।लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र बालाघाट के 3 विधानसभा क्षेत्रों बैहर, लांजी और परसवाड़ा में सुबह 7 से शाम 4 बजे तक ही मतदान होना है, अतः इन क्षेत्रों में 17 अप्रैल को शाम 4 बजे से ही चुनाव प्रचार बंद हो जाएगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में मतदान समाप्ति के लिए निर्धारित समय के 48 घंटे पहले से चुनाव प्रचार बंद करने का प्रावधान है। प्रचार-प्रसार समाप्त होने की समय-सीमा के बाद बाहरी क्षेत्र के व्यक्तियों को जो उस निर्वाचन क्षेत्र में मतदाता नहीं हैं, उन्हें वह क्षेत्र छोड़ना होता है। इस हेतु सघन अभियान चलाया जाता है। प्रथम चरण में लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र सीधी, शहडोल, जबलपुर, मंडला, बालाघाट और छिंदवाड़ा में 19 अप्रैल को मतदान होगा।

**तीसरे चरण के लिए तीसरे दिन 28 भरे नामांकन-** लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण की सीटों पर नामांकन फॉर्म भरने की प्रक्रिया जारी है। मंगलवार को तीसरे दिन 28 अभ्यर्थियोंने नामांकन पत्र जमा किए। अब तक 50 अभ्यर्थी अपना नामांकन जमा कर चुके हैं। मंगलवार को 28 प्रत्याशियों ने 51 नामांकन-पत्र प्रस्तुत किए। 12 अप्रैल से अब तक 50 अभ्यर्थियों द्वारा 78 नाम निर्देशन-पत्र दाखिल किए जा चुके हैं। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि शुक्रवार, 19 अप्रैल है। इसके अगले दिन शनिवार, 20 अप्रैल को नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा की जाएगी। सोमवार 22 अप्रैल तक नाम वापस ले सकेंगे। तीसरे चरण के लिए मंगलवार, 7 मई को मतदान होगा। सभी चरणों के मतदान की मतगणना मंगलवार, 4 जून को होगी।

# मतदान में इंदौर को बनाया जायेगा नम्बर वन

## मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए इंदौर के उद्योगपति भी आगे आये

- एसोसिएशन ऑफ इण्डस्टीज के साथ मतदान के संबंध में बैठक सम्पन्न
- मतदान करने पर लक्की ड्रा के माध्यम से एसोसिएशन ऑफ इण्डस्टीज करेगा अपने कर्मचारियों को सम्मानित
- एसोसिएशन ऑफ इण्डस्टीज के पदाधिकारियों ने मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए ली शपथ

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। लोकसभा चुनाव में होने वाले मतदान में इंदौर को नम्बर वन बनाया जायेगा। मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए इंदौर के उद्योगपति भी आगे आये है। मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के संबंध में आज एसोसिएशन ऑफ इण्डस्टीज के पदाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में एसोसिएशन ऑफ इण्डस्टीज के पदाधिकारियों ने मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए शपथ ली। उन्होंने मतदान के प्रति जागरूकता लाने में अपनी सक्रिय सहभागिता का संकल्प लिया। उन्होंने मतदान करने पर अपने कर्मचारियों को लक्की ड्रॉ के माध्यम से सम्मानित करने का निर्णय भी लिया।**

इस बैठक में नगर निगम आयुक्त श्री शिवम वर्मा, स्मार्ट सिटी सीईओ एवं स्वीप प्लान के नोडल अधिकारी श्री दिव्यांक सिंह अधीक्षण यंत्री श्री महेश शर्मा, शहर के ऐसोसिएशन ऑफ इण्डस्टीज मध्यप्रदेश के प्रेसिडेन्ट श्री योगेश मेहता, सचिव श्री तरूण व्यास, श्री प्रकाश




जैन, श्री दिलीप देव, श्री हरिश भाटिया, श्री हरिश नागर, श्री अनिल पालीवाल, श्री प्रमोद डफरियां, श्री सुनिल बंसल सहित इंदौर प्लास्ट इण्डस्टीज, मेक इंडिया, एआईएमपी, अल्ट्राकट इण्डस्टीज व विभिन्न इण्डस्टीज के पदाधिकारी व अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। इस अवसर पर आयुक्त श्री शिवम वर्मा द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 में अधिक से अधिक मतदान के लिए संगठन के पदाधिकारियों को मतदान की शपथ दिलाई गई।

आयुक्त श्री वर्मा द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 में इंदौर शहर में मतदान का प्रतिशत अधिक से अधिक बढाने के उददेश्य से आज शहर के एसोसिएशन ऑफ इण्डस्टीज के पदाधिकारियों के साथ चर्चा की गई। प्रतिनिधियों से मतदान प्रतिशत बढाने के लिये सुझाव भी लिये गये। इस अवसर पर आयुक्त श्री वर्मा द्वारा एसोसिएशन के पदाधिकारियों को स्वंय के साथ ही अपनी इण्डस्टीज में पदस्थ कर्मचारियों को भी मतदान करने की अपील के संबंध में चर्चा की गई। इस पर विभिन्न एसोसिएशन के पदाधिकारियों द्वारा मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिये विभिन्न सुझाव दिये गये। बताया गया कि एसोसिएशन द्वारा मतदान करने आने वाले अपने कर्मचारियों के लिये एक लक्की ड्रॉ कुपन प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी, जिसमें चयनित प्रतिभागी को एसोएिशन द्वारा पुरस्कृत किया जायेगा।

आयुक्त श्री शिवम वर्मा ने कहा कि जिस प्रकार से स्वच्छता अभियान में नागरिकों के सहयोग से इंदौर स्वच्छता में नंबर वन शहर है, उसी प्रकार आगामी 13 मई को होने वाले मतदान में भी इंदौर को नम्बर वन बनाया जाये। स्वीप अभियान के माध्यम से विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम हो। मतदान दिवस को त्यौहार की तरह मनाये, अधिक से अधिक मतदाता मतदान करे। इंदौर को मतदान प्रतिशत में भी नंबर वन बनाये।

## मतपत्रों में चुनाव चिन्ह के साथ उम्मीदवारों के फोटो भी होंगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। लोकसभा चुनाव में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों की बैलेट यूनिट पर चस्पा किये जाने वाले मतपत्रों में उम्मीदवारों के नाम, पार्टी का नाम और चुनाव चिन्ह के साथ फोटो तथा सर्विस वोटर्स को जारी किये जाने वाले डाक मतपत्रों पर उम्मीदवारों के नाम और पार्टी के नाम के साथ फोटो भी अंकित होंगे। निर्वाचन आयोग द्वारा उम्मीदवारों के नाम, पार्टी का नाम और चुनाव चिन्ह के साथ मतपत्रों में फोटो अंकित करने के ये निर्देश एक ही या मिलते जुलते नाम के दो या दो से अधिक उम्मीदवारों के चुनाव लड़ने के पूर्व में सामने आये प्रकरणों को देखते जारी किये गये हैं। मतपत्रों पर उम्मीदवारों का फोटो उसके नाम और चुनाव चिन्ह के बीच में दो गुना ढ़ाई सेंटीमीटर के आकार (स्टेम्प साइज) में अंकित किये जायेंगे। मतपत्रों पर फोटो अंकित करने के लिए उम्मीदवारों को अपने फोटो नाम निर्देशन पत्र के साथ ही प्रस्तुत करने कहा गया है। उम्मीदवारों से कहा गया है कि मतपत्रों पर अंकित करने के लिए अपने ऐसे फोटो देवें जो तीन माह से अधिक पुराने नही हों।

## लोकसभा चुनाव के लिये सामान्य, पुलिस और व्यय प्रेक्षकों की नियुक्ति

इंदौर। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव के मद्देनजर इंदौर संसदीय क्षेत्र के लिये सामान्य, पुलिस और व्यय प्रेक्षकों की नियुक्ति की गई है। डॉ. आर. सेल्वाराज को सामान्य प्रेक्षक बनाया गया है। इसी तरह श्री निरलिप्त राय को पुलिस प्रेक्षक और मट्टा पदमा एवं अलका गौतम को व्यय प्रेक्षक बनाया गया है। सामान्य प्रेक्षक 25 अप्रैल से 4 जून तक इंदौर रहेंगे। पुलिस प्रेक्षक 25 अप्रैल से 13 मई तक और व्यय प्रेक्षकगण 18 अप्रैल को इंदौर आयेंगे।

## प्रैक्टिकल एग्जाम में फेल करने के विरोध में प्रदर्शन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इंदौर महानगर द्वारा MGM मेडिकल कॉलेज में अंतिम वर्ष ( 2019 - 2024) परीक्षा में विद्यार्थियों को सर्जरी डिपार्टमेंट के प्रैक्टिकल में जानबूझकर फेल करने के विरोध में MGM मेडिकल कॉलेज डीन कार्यालय पर मंगलवार को धरना प्रदर्शन किया गया। रिजल्ट में करीब 41 स्टूडेंट्स प्रभावित हुए है। सभी अंतिम वर्ष के है।**

सुबह से ही अभाविप कार्यकर्ता कॉलेज पहुंचने लगे थे। कार्यकर्ताओं ने धरना-प्रदर्शन के दौरान नारेबाजी भी की है। कॉलेज प्रबंधन ने धरना खत्म करने के लिए कहा लेकिन कार्यकर्ता अड़े रहे है कि जब तक समस्या का निराकरण नहीं हो जाता वे धरना खत्म नहीं करेंगे। अभाविप के सार्थक जैन ने बताया कि



स्टूडेंट्स का परीक्षा परिणाम इंटरनल परीक्षक द्वारा एक्सटर्नल परीक्षक को भेजने तक अनिश्चित कालीन धरना जारी रहेगा। इंटरनल परीक्षक परिणाम एक्सटर्नल परीक्षक को भेजेंगे। इसके बाद जो 4 एक्सटर्नल परीक्षक आए थे, वो इस पर साइन करेंगे फिर देवी अहिल्या यूनिवर्सिटी को नंबर भेजे जाएंगे और रिजल्ट में चेंज होगा। बता दें पूर्व में भी अभाविप के द्वारा इस संबंध में कॉलेज प्रबंधन को ज्ञापन सौंपा गया था लेकिन इसके बाद भी समस्या जस की तस बनी हुई है।

# छात्रवृत्ति घोटाले की जांच में मंडल संयोजक सस्पेंड

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। कमिश्नर दीपक सिंह ने छात्रवृत्ति योजना घोटाले की जांच गलत तरीके से करने सहित कई मामलों में लापरवाही बरतने पर अजा विकास विभाग के मंडल संयोजक को सस्पेंड कर दिया है। इस अवधि में उनका मुख्यालय खण्ड शिक्षा कार्यालय विकासखंड पानसेमल जिला बड़वानी रहेगा।**

मामला डिविजनल डिप्टी कमिश्नर (अनुसूचित जाति विकास विभाग) में पदस्थ मंडल संयोजक रामलाल चौहान का है। कमिश्नर ने उन्हें कर्तव्यों के निर्वहन में लापरवाही बरतने, छात्रवृत्ति योजना, छात्रावास आश्रम की मॉनिटरिंग, राहत योजना, आवास सहायता योजना, सीएम हेल्पलाइन आदि योजनाओं में रुचि नहीं लेने और उदासीनता पाए जाने पर यह कार्रवाई की है। इस साल 15 अप्रैल तक सीएम हेल्प लाइन की 1975 शिकायतें पेंडिंग हैं। जांच में पाया कि पीजीडीएम छात्रवृत्ति योजना में कुछ लोगों द्वारा स्टूडेंट्स के फर्जी दस्तावेजों के आधार पर शासन को नुकसान पहुंचाया जा रहा था। इसकी जांच टीम में रामलाल चौहान को सदस्य बनाया गया था। इसमें जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। इसके परीक्षण में पाया गया कि शिकायत गंभीर प्रवृत्ति की होने के बाद भी चौहान द्वारा विभाग को गुमराह किया गया। चौहान द्वारा दायित्वों के निर्वहन में रूचि नहीं ली गई। उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। नौ माह के बाद भी उन्होंने जवाब पेश नहीं किया गया। चौहान ने अन्य कामों में भी उदासीनता बरती। चौहान द्वारा 2022-23 में किसी भी जिले के छात्रावास-आश्रमों के निरीक्षण संबंधी कोई भी प्रतिवेदन प्रस्तुत नहीं किया गया था।

# छात्रवृत्ति संबंधी घोटाले की जाँच में भ्रामक व तथ्यहीन जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने तथा अन्य गंभीर लापरवाही करने पर क्षेत्र संयोजक निलंबित

## संभागायुक्त श्री दीपक सिंह द्वारा निलंबन आदेश जारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर संभागायुक्त श्री दीपक सिंह ने शासकीय कर्तव्यों के निर्वहन में गंभीर लापरवाही बरतने, अपने पदीय दायित्वों का निर्वहन नही करने, विभागीय कार्य योजना अंतर्गत छात्रवृत्ति योजना, छात्रावास आश्रम की मॉनिटरिंग, राहत योजना, आवास सहायता योजना, सी.एम. हेल्पलाईन आदि महत्वपूर्ण योजनाओं में रूचि नही लेने आदि लापरवाही और उदासीनता पर इंदौर के जनजाति कार्य तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग के संभागीय उपायुक्त कार्यालय में पदस्थ प्रभारी क्षेत्र संयोजक (मंडल संयोजक) रामलाल चौहान को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय खंड शिक्षा कार्यालय विकासखंड पानसेमल जिला बड़वानी रहेगा।**

बताया गया कि पीजीडीएम छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत कतिपय व्यक्तियों द्वारा विद्यार्थियों के फर्जी एंव कुटरचित दस्तावेजों के आधार पर सरकार को आर्थिक क्षति कारित करने के संबंध में इंदौर संभाग के महाविद्यालयों की जाँच के लिए गठित दल में श्री रामलाल चौहान को सदस्य बनाया गया था। उक्त समिति के सदस्य के रूप में प्रभारी क्षेत्र संयोजक श्री चौहान द्वारा छात्रवृत्ति में अनियमितता संबंधी गंभीर शिकायत प्रकरण मे जाँच प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। जिसके परीक्षण उपरांत यह पाया गया कि शिकायत गंभीर प्रवृत्ति की होने के बाद भी प्रभारी क्षेत्र संयोजक श्री चौहान द्वारा विभाग को गुमराह करने का प्रयास करते हुए भ्रामक व तथ्यहीन जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। जिससे यह स्पष्ट है कि जांच के दौरान प्रभारी क्षेत्र संयोजक श्री चौहान द्वारा पदीय दायित्वों का निर्वहन में रूचि नहीं ली गई। श्री चौहान को 'कारण बताओं सूचना पत्र' जारी किया गया एंव सूचना पत्र तामील भी करवाया गया। श्री चौहान द्वारा इतने गंभीर प्रकरणों में 'कारण बताओं सूचना पत्र' का उत्तर 09 माह व्यतीत होने के बाद भी प्रस्तुत नही किया गया। जिसके कारण जांच प्रकरण मे विधि अनुसार आगामी कार्यवाही करने में बाधा उत्पन्न हुई । श्री चौहान को कार्यालय सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग जिला इंदौर में छात्रवृत्ति/आवास सहायता/सी.एम. हेल्पलाईन के गंभीर प्रकरणों के निराकरण हेतु समय सीमा मे संपादित करने हेतु आदेशित किया गया था किन्तु उनके द्वारा इस कार्य मे कोई रूचि नहीं ली गई फलतः 15 अप्रैल 2024 तक की स्थिति में इंदौर जिले के सी.एम. हेल्प लाईन के कुल 1975 प्रकरण लंबित है।

प्रभारी क्षेत्र संयोजक श्री चौहान द्वारा क्षेत्र संयोजक जैसे महत्वपूर्ण पद पर होने के पश्चात् भी इनके द्वारा छात्रावास आश्रमों के निरीक्षण रोस्टर प्रस्तुत नही किया गया है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में किसी भी जिलों के छात्रावास-आश्रमों के निरीक्षण संबंधी कोई भी प्रतिवेदन संभागीय उपायुक्त जनजातीय कार्य तथा अनुसूचित जाति विकास इंदौर संभाग इंदौर को प्रस्तुत नही किया गया। जिससे इनके द्वारा अपने पदीय दायित्वों के निर्वहन में रूचि न लेना स्पष्ट प्रतीत हुआ जो कि गंभीर अनुशासनहीनता की श्रेणी में माना गया।

उपरोक्त तथ्यों से स्पष्ट पाया गया कि श्री चौहान द्वारा शासकीय कर्तव्यों के निर्वहन में गंभीर लापरवाही बरतने, अपने पदीय दायित्वों का निर्वहन न करने, विभागीय कार्य योजना अंतर्गत छात्रवृत्ति योजना, छात्रावास आश्रम की मॉनिटरिंग, राहत योजना, आवास सहायता योजना, सी.एम. हेल्पलाईन आदि महत्वपूर्ण योजनाओं में रूचि नही लेने का गंभीर कृत्य किया गया है।

लोकसभा चुनाव

# दो सौ मीटर के दायरे के बाहर ही स्थापित किये जा सकेंगे उम्मीदवारों के निर्वाचन बूथ

## रिटर्निंग अधिकारी को सूचना देना जरूरी स्थानीय निकायों से भी लेनी होगी भूमि के उपयोग की अनुमति

इंदौर। **लोकसभा चुनाव के तहत मतदान के दिन मतदाताओं को गैर सरकारी पहचान पर्चियां बांटने के लिए उम्मीदवारों को अपने निर्वाचन बूथ मतदान केन्द्रों के 200 मीटर के दायरे के बाहर ही स्थापित करने की अनुमति होगी।**

इस संबंध में निर्वाचन आयोग ने अपने निर्देशों में स्पष्ट किया है कि मतदान दिवस पर उम्मीदवार अपने ऐजेन्टों और कार्यकर्ताओं के लिए मतदान केन्द्र से 200 मीटर की दूरी के बाहर मतदाताओं को गैर सरकारी पहचान पर्चियां बांटने के लिए एक छतरी अथवा त्रिपाल के नीचे केवल एक मेज तथा दो कुर्सी रख सकते हैं ताकि वे अपना सिर धूप या वर्षा से बचा सकें। ऐसी मेज के आसपास भीड़ इकट्ठी नहीं होगी। आयोग ने मतदान के दिन कानून एवं व्यवस्था बनाये रखने के मद्देनजर उम्मीदवारों के निर्वाचन बूथों की स्थापना के लिए दिशा-निर्देश भी दिये हैं। इन दिशा-निर्देशों में कहा गया है कि मतदान केन्द्र के 200 मीटर के भीतर कोई बूथ स्थापित नहीं किया जायेगा। एक ही परिसर में एक से अधिक मतदान केन्द्र होने की स्थिति में भी ऐसे परिसरों से 200 मीटर की दूरी पर मतदान केन्द्रों के लिए एक उम्मीदवार का एक ही बूथ बनाया जायेगा। निर्वाचन आयोग के मुताबिक ऐसे बूथों पर केवल दो कुर्सियों और एक मेज ही रखी जायेगी। ऐसे बूथों पर कनात नहीं लगाई जा सकेगी। केवल धूप या वर्षा से बचने के लिए एक छतरी या त्रिपाल का टुकड़ा लगाया जा सकेगा। आयोग ने कहा है कि गैर सरकारी मतदाता पहचान पर्चियां बांटने के लिए ऐसे बूथ बनवाने की इच्छा रखने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी को लिखित रूप में रिटर्निंग आफीसर को उन मतदान केन्द्रों के नाम और क्रम संख्या बतानी होगी जहां बूथ स्थापित करवाये जाने हैं।

आयोग ने यह भी स्पष्ट किया है कि निर्वाचन बूथ स्थापित करवाने से पहले उम्मीदवार को स्थानीय कानून के अधीन भूमि के उपयोग के लिए सरकारी प्राधिकरणों अथवा नगर निगमों, नगर पालिकाओं, जिला परिषदों, शहरी क्षेत्र समितियों, पंचायत समितियों आदि की लिखित अनुमति भी लेनी होगी। बूथ प्रबंधकों को मांगे जाने पर इस प्रकार की लिखित अनुमति पुलिस अथवा निर्वाचन प्राधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत भी करनी होगी। उम्मीदवारों द्वारा इन निर्वाचन बूथों का इस्तेमाल केवल गैर सरकारी पहचान पर्चियां जारी करने के एकमात्र प्रयोजन के लिए किया जा सकेगा। ये गैर सरकारी पहचान पर्चियां भी केवल आयोग के आदेशानुसार ही मुद्रित कराई जायेंगी जिन पर अभ्यर्थी का नाम या प्रतीक अथवा राजनैतिक दल का नाम नहीं होना चाहिए।

निर्वाचन आयोग ने कहा है कि किसी भी स्थिति में ऐसे बूथों पर भीड़ इकट्ठी होने की अनुमति नहीं होने दी जायेगी। न ही ऐसे व्यक्ति को आने की अनुमति दी जायेगी जो पहले ही मतदान कर चुका हो। आयोग ने यह भी कहा है कि बूथों पर बैठे व्यक्ति मतदान केन्द्रों पर जाने वाले मतदाताओं के रास्ते में किसी तरह की रूकावट नहीं डालेंगे अथवा दूसरे उम्मीदवारों के बूथों पर जाने से उन्हें नहीं रोकेंगे। मतदाताओं को स्वयं उनकी इच्छानुसार मताधिकार का प्रयोग करने में किसी प्रकार रूकावट भी निर्वाचन बूथों में बैठे कार्यकर्ता नहीं डाल सकेंगे। निर्वाचन आयोग ने कहा है कि इन निर्देशों का उल्लंघन अत्यधिक गंभीरता से लिया जायेगा और ऐसे उल्लंघनों के लिए जिम्मेदार अभ्यर्थी और उनके अभिकर्ताओं के विरूद्ध कानून के अधीन कड़ी कार्रवाई की जायेगी तथा बूथों को हटा दिया जायेगा। आयोग ने चुनावी व्यवस्था में लगे शासकीय अधिकारियों को भी चेतावनी दी है कि यदि वे आयोग के निर्देशों का उल्लंघन पाये जाने पर तत्काल कार्रवाई करने में असफल रहते हैं तो इनके खिलाफ भी दाण्डिक कार्रवाई की जायेगी और उन्हें अनुशासनिक कार्रवाई का भागी भी बनना होगा।

# इंदौर, भोपाल एवं देवास के रोटरी सदस्य पहुंचे माता टेकरी



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** रोटरी डिस्ट्रिक्ट-3040 के सदस्यों ने नवरात्रि के अवसर पर सोमवार को देवास का भ्रमण किया और विशेष रूप से चामुंडा टेकरी पर पहुंचकर माता के दर्शन किए। जिला गवर्नर रोटेरियन ऋतु ग्रोवर के नेतृत्व में सप्तमी पर चामुंडा माता के दर्शन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह धार्मिकता और सांस्कृतिकता के महान उत्सव के रूप में मनाया गया, जिसमें इंदौर, भोपाल एवं देवास के विभिन्न रोटरी क्लबों के लोगों ने भाग लिया। दर्शन के दौरान, देवास टेकरी के प्रमुख स्थलों की परिक्रमा की गई, जो इस क्षेत्र की महत्वपूर्ण धार्मिक और प्राचीन धरोहरों को दर्शाते हैं। रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3040 के पब्लिक इमेज चेयरपर्सन घनश्याम सिंह ने बताया कि दर्शन कार्यक्रम में जिला गवर्नर रोटेरियन ऋतु ग्रोवर, डीजीई अनीश मलिक, सिम्मी मलिक, डीजीएन सुशील मल्होत्रा, रूबी मल्होत्रा, दिलीप मजूमदार, रेवा मजूमदार, किरण घुम्मन, रूबी सलूजा, मनोज चांडाक, राजेश मोदी, हर्ष मित्तल, यति डावर, आशीष गुप्ता, सुधीर पंडित एवं अन्य रोटरी सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस उत्सव को सफलतापूर्वक आयोजित किया। यह एक सामाजिक संबंध और अद्वितीय सांस्कृतिक अनुभव का महत्वपूर्ण पल रहा। इस सामाजिक उत्सव के माध्यम से, लोग एक-दूसरे के साथ जुड़े और अपनी सांस्कृतिक धरोहर को समझने और समर्थित करने का मौका प्राप्त हुआ। सबने संसद चुनाव में शत प्रतिशत वोटिंग करवाने का वादा किया। गर्मी को देखते हुए पानी बचाने एवं पक्षियों के लिए सकोरे रखने का भी संकल्प लिया।

# प्रदेश के अधिकतर जिलों में पारा 40 पार, तेज गर्मी और उमस से लोग परेशान



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। पिछले एक सप्ताह चले बारिश और आंधी के दौर के बाद अब प्रदेश उमस और तेज गर्मी से झुलसने लगा है। प्रदेश के अधिकांश जिलों में तापमान में दो से तीन डिग्री का इजाफा हुआ है। सोमवार से प्रदेश के अधिकतर जिलों का तापमान बढ़ा है। इसके साथ पिछले 24 घंटों के दौरान प्रदेश के भोपाल, इंदौर, नर्मदापुरम, उज्जैन, ग्वालियर, जबलपुर संभागों में कहीं कहीं हल्की बारिश हुई है। सागर संभाग के जिलों में कुछ स्थानो पर बारिश दर्ज की गई एवं शेष सभी संभागों के जिलों में मौसम मुख्यतः शुष्क रहा।**

अधिकतम तापमान ग्वालियर संभाग के जिलों में विशेष रूप से कम हुए। नर्मदापुरम, शहडोल, सागर संभागों में काफी बढ़े एवं शेष सभी संभागों के तापमान में विशेष परिवर्तन नहीं हुआ। सोमवार को विदिशा, खरगोन, बालाघाट में धूल भरी आंधी चली। दमोह, सिहोर, भोपाल, शाजापुर, जबलपुर, सिवनी, निवाड़ी, सागर, कटनी, छतरपुर, शहडोल, चित्रकूट, मंडला, बैतूल, पन्ना में वज्रपात के साथ तेज हवाएं चलीं। प्रदेश में सर्वाधिक अधिकतम तापमान 42.5 C तालुन KVK (बड़वानी) में दर्ज किया गया तथा सबसे कम न्यूनतम तापमान 19.8 C पचमढ़ी (नर्मदापुरम) में दर्ज किया गया।

वर्षा के प्रमुख आंकड़े (सेमी में)

भैंसदेही 3, पथरिया 2, बरघाट 1, गौरिहार 1, गोटेगांव 1, शहपुरा 1, कालापीपल 1, झार्दा 1

## मौसम का पूर्वानुमान

प्रदेश के कई जिलों में कल बुधवार को बारिश और आंधी की संभावना है। इनमें अनूपपुर, डिंडोरी, छिन्दवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, बालाघाट, बैतूल, बुरहानपुर और खंडवा जिले शामिल हैं।

### मध्यप्रदेश की आधी लोकसभा सीटों पर प्रभाव

# फिर भी भाजपा-कांग्रेस के प्रत्याशियों में कोई मुस्लिम नहीं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** मध्यप्रदेश की कुल 29 लोकसभा सीटों से करीब आधी ऐसी हैं, जिन पर मुस्लिम बहुलता है। 10 प्रतिशत से ज्यादा वोटर्स रखने वाली कई विधानसभाएं ऐसी भी हैं, जिनमें जीत या हार के निर्णायक वोट इसी समुदाय से होते हैं। बावजूद इसके इस बड़ी तादाद के लिए न भाजपा किसी प्रयास को आगे बढ़ाती है और न ही इस कौम को अपना वोट बैंक मानकर चलने वाली कांग्रेस ही इनकी तरफ कोई तवज्जो दे रही है। इन हालात का एक स्पष्ट कारण यह है कि मुस्लिम समुदाय का वोट न तो स्थिर है और न ही संगठित। अपनी डफली, अपनी राग के साथ कई टुकड़ों में बंटे हुए वोट से किसी को एकमुश्त राहत दिखाई नहीं देती है।

### वर्ष 2023 की स्थिति में

मध्यप्रदेश की आबादी 8.77 करोड़ है। इसका 6.57 प्रतिशत मुस्लिम आबादी है, जो लगभग 60 लाख है। इनमें करीब 50 लाख मतदाता हैं। मप्र में 230 विधानसभा में से करीब 45 विधानसभा ऐसी हैं, जहां 20 हजार से अधिक (करीब 10 प्रतिशत) मुस्लिम मतदाता हैं। प्रदेश में 70 से अधिक ऐसे क्षेत्र हैं, जहां विधानसभा में 57 प्रतिशत मुस्लिम मतदाता हैं, लेकिन सीट आरक्षित होने के बावजूद जीत-हार में निर्णायक भूमिका में होते हैं। जैसे निमाड़-मालवा के आरक्षित क्षेत्र जहां 1000 या 2000 से हार जीत होती है। यहां इस वर्ग ने कांग्रेस की जीत को हमेशा मजबूती प्रदान की है। मुस्लिम बहुल कही जाने वाली इन 33 सीटों पर कुल मुस्लिम वोट लगभग 15 लाख हैं, जो कुल वोटर का 1 से 2 प्रतिशत होते हुए भी सरकार बनाने या बिगाड़ने का काम करते हैं।



### नहीं पनप पाई मुस्लिम सियासत

प्रदेश में मुस्लिम सियासत का ग्राफ कभी भी बहुत ऊंचा नहीं जा पाया है। यहां खान शाकिर अली खान से शुरू होने वाली अगुवाई आरिफ अकील और आरिफ बेग जैसे नाम पर खत्म हो गई। बीच में रसूल अहमद सिद्दीकी, हसनात सिद्दीकी या आरिफ मसूद जैसे सक्रिय नाम लिए जा सकते हैं। इनके अलावा मरहूम गुफरान-ए-आजम, मरहूम डॉ. अजीज कुरैशी और पूर्व सांसद असलम शेर खान जैसे नाम भी हैं, लेकिन इनकी सियासत भी एक दायरे तक ही सीमित रही। भाजपा की सतत देशव्यापी बढ़त ने कई नए चेहरे तो दिए, लेकिन इनकी सीमाएं भी अल्पसंख्यक मोर्चा और मुस्लिम संस्थाओं तक ही बंध कर रह गईं। इस कड़ी में इकलौता नाम डॉ. सनव्वर पटेल का लिया जा सकता है, जिन्हें पार्टी ने अपने मुख्य संगठन में प्रवक्ता के रूप में शामिल किया है। इसके अलावा उन्हें दो बार कैबिनेट मंत्री के दर्जे से भी नवाजा जा चुका है। हालांकि, भाजपा की विचारधारा से जुड़ने वाले मुस्लिम नेताओं में मरहूम रियाज अली काका, मरहूम अनवर मोहम्मद खान और मरहूम सलीम कुरैशी के अलावा जाफर बेग, हकीम कुरैशी, कलीम अहमद बच्चा, एसके मुद्दीन, शौकत मोहम्मद खान, आगा अब्दुल कय्यूम खान, हिदायत उल्लाह खान जैसे नाम भी शामिल हैं।

### सबसे ज्यादा असर यहां

प्रदेश के करीब 50 लाख से ज्यादा मुस्लिम मतदाताओं का करीब 70 से 72 प्रतिशत वोट इंदौर और उज्जैन संभाग में मौजूद है। इनमें इंदौर संभाग की इंदौर एक और इंदौर पांच, महू, राऊ, धार, बड़वानी, खरगोन, खंडवा, बुरहानपुर विधानसभा शामिल हैं। इसी तरह उज्जैन संभाग के उज्जैन, मंदसौर, नीमच, रतलाम, जावरा, शाजापुर, शुजालपुर, आगर मालवा आदि विधानसभा मुस्लिम बहुल सीटों में शामिल हैं। इस लिहाज से प्रदेश की कुल 29 लोकसभा सीटों का एक बड़ा हिस्सा इस समुदाय के वोट से प्रभावित होने वाला है।

### असर में राजधानी भी

भाजपा के लिए सबसे सुरक्षित सीट मानी जाने वाली राजधानी भोपाल की लोकसभा सीट भी बड़ी मुस्लिम आबादी वाली है। यहां की कुल सात विधानसभा सीटों में से तीन उत्तर, मध्य और नरेला मुस्लिम बहुल हैं। जबकि इस लोकसभा क्षेत्र में आने वाला सीहोर भी बड़ी मुस्लिम आबादी रखता है। बावजूद इसके अब तक इस सीट से किसी भी पार्टी ने किसी मुस्लिम चेहरे को अपना प्रत्याशी नहीं बनाया। बल्कि भाजपा ने इस सीट पर पिछले चुनाव घोर मुस्लिम विरोधी साध्वी प्रज्ञा पर दांव लगाया था। इस चुनाव भी पार्टी ने आलोक शर्मा को अपना प्रत्याशी बनया है, जिन पर भरे मंच से मुस्लिमों से वोट न करने की अपील करने के आरोप लगे हुए हैं।

## बीयर की बोतल से मासूम की गला रेतकर हत्या की

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**बैतूल।** जिले में 6 साल के बच्चे की बीयर की बोतल से गला रेतकर हत्या कर दी गई। आरोपी और बच्चे की मां का प्रेम प्रसंग था। आरोपी को शक था कि महिला के किसी और से संबंध है। बदला लेने के लिए उसने बच्चे की हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है। घटना गंज क्षेत्र में मंगलवार सुबह की है। जानकारी के अनुसार, 6 साल का शिवा उर्फ शिवम मंगलवार सुबह स्कूल गया था। यहां से आरोपी गणेश मीना उसे अपने साथ ले गया। सदर बाजार के ईएलसी कॉलोनी में गणेश ने बीयर की बोतल तोड़ी और बच्चे का गला रेत दिया। आरोपी को खून से सना देख कॉलोनी के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। गंज पुलिस के अनुसार शिवा उर्फ शिवम अपनी मां संगीत और आरोपी गणेश मीणा के साथ रह रहा था। दोनों करीब 9 महीने से किराए के



कमरे में लिव-इन में रह रहे थे। दोनों के बीच विवाद होने लगे थे। इसके बाद महिला बच्चे को आरोपी के पास छोड़कर सारणी रहने चली गई। आरोपी इस बात से नाराज था कि उसके बच्चे की परवरिश उसे करना पड़ रही है। शराब के नशे में धुत आरोपी ने बदला लेने के लिए बच्चे की हत्या कर दी। महिला की शादी गोंदू मंडई गांव के अरुण से हुई थी। अरुण गांव में रहकर खेती करता है। महिला बच्चे के साथ बैतूल में रह रही थी। इसी दौरान उसकी पहचान हरदा जिले के खिरकिया के रहने वाले गणेश मीणा से हुई थी।

## चलती बस में लगी आग, गोहपारु फॉरेस्ट बैरियर के पास हुआ हादसा, दो घंटे बाद पहुंची दमकल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**शहडोल। शहडोल में गोहपारु थाना क्षेत्र अंतर्गत फॉरेस्ट बैरियर के समीप चलती बस में आग लग गयी। किसी तरह उसमें सवार यात्रियों को तो उतार लिया गया। लेकिन बीच सड़क में बस जलकर राख हो गयी। यह घटना बुधवार तड़के साढ़े तीन बजे के आसपास हुई।**

जानकारी के अनुसार, मनीष ट्रैवल्स की बस क्रमांक सीजी-07 ई-4588 रायपुर से इलाहबाद जा रही थी। बस में करीब 50 यात्री बैठे हुए थे। इस दौरान जब बस गोहपारु बैरियर के पास से गुजरी, तभी अचानक बस का पिछला एक टायर फुट गया। टायर फूटते ही बस में आग लग गई, लेकिन बस चालक को इसकी जानकारी नहीं लग पाई और वह आगे बढ़ गया।



**वनकर्मी ने बाइक से पीछा कर दी जानकारी-** जब घटनास्थल पर वन विभाग के बैरियर पर तैनात रमेश कुशवाहा ने देखा कि बस चालक को आग लगने की भनक नहीं लग पाई है तो उसने जोर-जोर से आवाज लगाई। लेकिन चालक तक उसकी आवाज नहीं पहुंच सकी। वनकर्मी को बस में सवार यात्रियों की चिंता हुई और वह तुरंत अपनी अपनी मोटर साइकिल लेकर बस का पीछा किया। उसने बस के साइड गलॉस में अपनी टार्च की रौशनी दिखाते हुए चालक को बस रोकने इशारा किया, जिसके बाद चालक ने बस रोकी।

वन विभाग के कर्मचारी ने बस चालक को आग लगने की जानकारी दी, जिसके बाद बस में सवार सभी यात्रियों को तुरंत नीचे उतारा गया। इस बीच बस में लगी आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। देखते ही देखते बीच सड़क में बस जलकर राख हो गई। वनकर्मी रमेश द्वारा तत्परता दिखाते हुए बस का पीछा किया गया और इसकी जानकारी बस चालक को दी गयी। उसकी जागरुकता के कारण दर्जनों यात्रियों की जान बच गई। नहीं तो कोई बड़ी जनहानि हो सकती थी। वह उन यात्रियों के लिए मसीहा बनकर वहां पहुंचा।

### दो घंटे बाद पहुंचा दमकल वाहन

बस में आग लगने के बाद लोगों ने मामले की जानकारी दमकल कर्मियों को दी। लेकिन दमकल वाहन घटना के दो घंटे बाद मौके पर पहुंचा। जब तक बस में लगी आग को स्थानीय लोगों ने बुझा लिया था और बस जलकर राख हो गई थी। सवाल यह खड़ा होने लगा है कि बस में यात्री सवार थे और दमकल कर्मियों को मामले की जानकारी तत्काल लोगों के द्वारा दी गई। लेकिन दमकल वाहन पहुंचने में दो घंटे का वक्त लग गया।

### ट्रॉली चुराने के बाद

## सांवरिया जी के दर्शन करने जा रहे थे चोर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन।** नागदा स्थित रूपेटा सोसायटी केंद्र के सामने से गेहूं से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली चोरी करने के मामले में मंडी पुलिस ने गांव आक्याकोली से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों चोर पहले ट्रैक्टर-ट्रॉली चुराने में असफल हुए थे। उन्होंने इस बार सांवरिया सेठ से मन्नत की। उसके बाद दूसरे प्रयास में लगभग 80 क्विंटल गेहूं से भरी ट्रॉली चुरा ली। इस चोरी के बाद बेफिक्र होकर सांवरिया सेठ दर्शन करने और मन्नत के 10,000 रुपये चढ़ाने जा रहे थे। तभी उन्हें पुलिस से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दोनों बदमाशों के घर से उपज और चोरी में उपयोग की गई बाइक को भी जब्त किया है। नागदा थाना पुलिस ने बताया कि आक्याकोली पंचायत के पास से हरिशंकर जाट और आशाराम उर्फ बंटू जाट दोनों आरोपी बाइक से रूपेटा सोसायटी केंद्र चोरी करने पहुंचे थे। यहां उपज से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली चुराने के पहले प्रयास में जब असफल हो गए और ट्रैक्टर-ट्रॉली छोड़कर भागना पड़ा, तब वह डेलनपुर फंटे से आगे शराब दुकान पहुंचे। वहां उन्होंने बीयर पी। उन्होंने चोरी में सफल होने के लिए साँवरिया सेठ को 10 हजार रुपये चढ़ाने की प्रार्थना की। दोबारा रूपेटा सोसायटी पहुंचे और गेहूं से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली चुराकर बोरखेड़ा पित्रामल होकर आक्याकोली पहुंचे।

## संपादकीय

# स्थितियों से निपटने की तैयारी

ईरान में फिलहाल लगभग चार हजार और इजराइल में साढ़े अठारह हजार भारतीय रहते हैं। मगर ईरान के तेवर तीखे होने के बाद जिस तरह युद्ध का दायरा फैलने की आशंका मंडराने लगी है, उसके मद्देनजर भारत सरकार इन दोनों देशों में रह रहे भारतीयों की संभावित निकासी के साथ-साथ अचानक पैदा होने वाली स्थितियों से निपटने की तैयारी कर रही है। दरअसल पिछले दो विश्व युद्धों के इतिहास से ज्यादातर लोग वाकिफ हैं। दो देशों के बीच शुरू हुआ टकराव कब एक युद्ध में बदल जाए, कब वह दोनों पक्षों के सहयोगी देशों के बीच फैल जाए और विश्व युद्ध की शक्ल ले ले, कहा नहीं जा सकता। विडंबना है कि अतीत के अनुभवों से सबक लेना जरूरी नहीं समझा जाता। अमूमन हर युद्ध में इसी गलती को दोहराया जाता है। अब इजराइल-फिलिस्तीन संघर्ष की आग अन्य देशों की ओर भी फैलती दिखने लगी है। गौरतलब है कि हाल ही में दमिश्क में ईरान के दूतावास पर इजराइल की ओर से हमला करने की खबर आई थी। उसमें ईरान के दो जनरलों की मौत हो गई थी। उसके बाद से ईरान ने इसे मुद्दा बनाया हुआ है और जवाबी कार्रवाई की धमकी दी है। मगर अब मामला धमकियों से आगे बढ़ गया लगता है और ईरान ने जिस तेवर में जवाबी कार्रवाई की बात की है, उससे दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ गया है। अमेरिका ने भी ईरान के हमले की तैयारी को लेकर चेतावनी दी है। भारत और अमेरिका सहित कई देशों ने अपने नागरिकों को सलाह दी है कि वे इस समय इजराइल और ईरान जाने से बचें। भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा है कि जो लोग अभी ईरान या इजराइल में रह रहे हैं, वे वहां के भारतीय दूतावासों से संपर्क करें और अपना पंजीकरण कराएं।

**अर्ज़ किया है..!**

*जो तिरी जुस्तुजू में*
*छोड़ दिया*
*उस का नेमुल-बदल तो*
*तू भी नहीं*

*- ओसामा ज़ुरैज़*



यदि आप सोचते हैं कि आप बड़े हैं, तो आप छोटे हो जाते हैं, यदि आप जानते हैं कि आप कुछ भी नहीं है, तो आप असीमित हो जाते हैं, यही इंसान होने की खूबसूरती है।

-सद्‌गुरू जग्गी वासुदेव

**धर्म कर्म**

# रामनवमी पर घर की इस दिशा में लगाएं राम दरबार की तस्वीर

# धन-संपदा में होगी वृद्धि



हिंदू धर्म में हर साल चैत्र माह शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को राम नवमी मनाई जाती है। पंचांग के अनुसार,इस साल 17 अप्रैल 2024 को राम नवमी है। धार्मिक मान्यता है कि इस शुभ दिन पर प्रभु श्रीराम ने भगवान विष्णु के सातवें अवतार के रूप में जन्म लिया था। इसलिए इस खास दिन पर भगवान श्रीराम की पूजा-आराधना का बड़ा महत्व है। यह नवरात्रि का आखिरी दिन होता है। इसके साथ ही चैत्र नवरात्रि का समापन हो जाता है। अगर इस बार आप भी रामनवमी के दिन राम दरबार की तस्वीर लाना चाहते हैं या घर में पहले से ही राम दरबार की फोटो या प्रतिमा है, तो वास्तु के इन बातों का जरूर ध्यान रखें। कहा जाता है कि इससे जीवन में सुख-समृद्धि और खुशहाली आती है। आइए जानते हैं राम-दरबार से जुड़े वास्तु टिप्स...

### राम दरबार की प्रतिमा

राम दरबार में भगवान राम, माता सीता, भाई भरत, लक्ष्मण, शत्रुघ्न और उनके परम भक्त हनुमान जी के साथ बैठे हुए हैं। यह तस्वीर भगवान राम के राज्य और उनके नियमों के एक दृश्य को व्यक्त करती है। इस तस्वीर को राम दरबार या राम राज्य के नाम से जाना जाता है। मान्यताओं के अनुसार, नियमित राम दरबार की पूजा-अर्चना करने से सुख-सौभाग्य में वृद्धि होती है।

### राम-दरबार की तस्वीर से जुड़े वास्तु टिप्स

1. वास्तु के अनुसार, राम दरबार की फोटो उत्तर दिशा में लगाना चाहिए। इससे घर में पॉजिटिविटी बढ़ती है और वास्तु दोषों से मुक्ति मिलती है।
2. रोजाना परिवार के सभी सदस्यों को राम दरबार के दर्शन करना चाहिए। मान्यता है कि इससे जीवन में सुख-समृद्धि और खुशहाली आती है।
3. मान्यता है कि घर के पूर्व दिशा में राम दरबार की तस्वीर लगाने से समाज में मान-सम्मान बढ़ता है और पारिवारिक जीवन में सुख-शांति बनी रहती है।
4. यह भी कहा जाता है कि रोजाना रामदरबार के पूजा-अर्चना करने से धन से जुड़ी दिक्कतों से छुटकारा मिलता है और साधक को कुंडली के सभी ग्रह दोषों से राहत मिलती है।

Chhattisgarh

# 29 नक्सली ढेर, 25 लाख के इनामी कमांडर का भी खात्मा... छत्तीसगढ़ में अब तक के सबसे बड़े एनकाउंटर को ऐसे दिया अंजाम

**बस्तर, (एजेंसी)** छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव 2024 के फर्स्ट फेज की वोटिंग से पहले, सुरक्षाकर्मियों ने मंगलवार को कांकेर जिले में मुठभेड़ में 29 नक्सलियों को मार गिराया. यह राज्य में अब तक की सबसे बड़ी मुठभेड़ है, जिसमें नक्सलियों के कई सीनियर कमांडर ढेर हुए. छत्तीसगढ़ में वामपंथी उग्रवाद के खिलाफ लड़ाई के अब तक के इतिहास में यह किसी एक मुठभेड़ में नक्सलियों की यह सबसे अधिक मौतें हैं. इस साल अब तक माओवादियों के गढ़ बस्तर रीजन में सुरक्षा बलों के साथ अलग-अलग मुठभेड़ों में कुल 79 नक्सली मारे गए हैं. राज्य के पुलिस अधिकारियों ने बताया कि भीषण गोलीबारी में तीन सुरक्षाकर्मी भी घायल हो गए और मौके



से बड़ी मात्रा में हथियार बरामद किए गए. सुरक्षा बलों ने इस एनकाउंटर में शंकर राव को मारने में सफलता पायी. वह दंडकारण्य डिवीजन में नक्सलियों का सबसे कड़ा और प्रभावशाली कमांडर था. शंकर राव अपने डिवीजन का मिलिट्री इंटेलिजेंस चीफ था और उसके सिर पर 25 लाख रुपये का इनाम घोषित था. छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, जिनके पास गृह विभाग भी है, उन्होंने इस मुठभेड़ को नक्सलियों पर 'सर्जिकल स्ट्राइक' बताया. उन्होंने कहा कि यह बहुत बड़ी सफलता है और इसका पूरा श्रेय हमारे बहादुर सुरक्षा कर्मियों को जाता है. बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक (नक्सल ऑपरेशन) सुंदरराज पी ने कहा, 'मुठभेड़ मगलवार दोपहर करीब 2 बजे छोटेबेठिया पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत बिनागुंडा और कोरोनार गांवों के बीच हापाटोला जंगल में हुई.

New Delhi

पीएम मोदी बोले-

## आतंकियों को घर में घुसकर मारेंगे, अमेरिका बोला- नहीं देंगे दखल

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने हाल ही में कहा था कि भारत आतंकवादियों को उनके घर में घुसकर मारने से नहीं हिचकिचाएगा। दोनों ही नेताओं का इशारा पाकिस्तान की तरफ था। भारत के इन दोनों दिग्गज नेताओं के बयान पर अमेरिका ने भी प्रतिक्रिया दी है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाडेन के प्रशासन ने भारत और पाकिस्तान को तनाव से बचने और बातचीत के माध्यम से समाधान खोजने की सलाह दी है। लेकिन अमेरिका ने इतना जरूर कहा है कि वह इसकी मध्यस्थता नहीं करेगा।

जब आतंकवाद पर मोदी के 'घर में घुस के मारेंगे' वाले बयान के बारे में सवाल किया तो अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा, 'जैसा कि मैंने पहले कहा है, संयुक्त राज्य अमेरिका इसके बीच में नहीं आने वाला है। लेकिन हम भारत और पाकिस्तान दोनों को तनाव से बचने और बातचीत के माध्यम से समाधान खोजने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।'' आपको बता दें कि वह आतंकवादियों को खत्म करने के लिए अन्य देशों में भारत द्वारा कथित अभियानों पर एक सवाल का जवाब दे रहे थे। जब उनसे पूछा गया कि क्या पीएम मोदी और राजनाथ सिंह की टिप्पणियों को कनाडा में खालिस्तानी अलगाववादी हरदीप सिंह की कथित हत्या, आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की न्यूयॉर्क में हत्या की साजिश, पाकिस्तान में हाल के दिनों में आतंकवादियों की हुई हत्या के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि अमेरिका इस मामले में शामिल नहीं होगा। विदेश विभाग के प्रवक्ता से यह भी सवाल किया गया कि गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की कथित साजिश को लेकर अमेरिका ने भारत पर कोई प्रतिबंध क्यों नहीं लगाया है।

Jharkhand

## झामुमो को झटके पर झटका, ईडी ने अंतु तिर्की को किया गिरफ्तार; जमीन घोटाले में एक साथ चार पर ऐक्शन

**रांची, (एजेंसी)** कथित जमीन घोटाले में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की मुश्किलें थमने का नाम नहीं ले रही हैं। पार्टी के सबसे बड़े नेता और पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को इस मामले में सबसे पहले गिरफ्तार किया गया था। वह करीब 75 दिनों से जेल में बंद हैं। ऐसे में बुधवार सुबह प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने झामुमो नेता अंतु तिर्की समेत कुल चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। जमीन घोटाले में केंद्रीय जांच एजेंसी ने अंतु तिर्की, प्रियरंजन सहाय, रियल एस्टेट कारोबारी विपिन सिंह और इरशाद को अरेस्ट किया है। कल (मंगलवार) ईडी ने अफसर अली को गिरफ्तार किया था। दरअसल, मंगलवार को ईडी ने झामुमो नेता अंतु तिर्की समेत कई ठिकानों पर छापेमारी की थी। यह रेड कथित जमीन घोटाला मामले में की गई थी। ईडी की टीम सुबह 7 बजे अंतु तिर्की के घर छापा मारने पहुंची। देर शाम उन्हें ईडी ऑफिस ले जाया गया। सभी जगहों पर छापेमारी के बाद ईडी को कई डिजिटल डिवाइस, जमीन के कागज और बैंक अकाउंट मिले। केंद्रीय जांच एजेंसी ने सब कुछ जब्त कर लिया है। बुधवार सुबह ईडी ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अंतु तिर्की, प्रियरंजन सहाय, विपिन सिंह और इरशाद को गिरफ्तार कर लिया। ईडी ने छापेमारी का यह ऐक्शन सद्दाम से मिले इनपुट के बाद किया था।

Uttarpradesh

## एक कमरा, दो डेड बॉडी, मर्डर या सुसाइड... प्रयागराज में महिला और पुरुष सिपाही की लाश मिलने से हड़कंप

**प्रयागराज, (एजेंसी) यूपी के प्रयागराज में दो पुलिसकर्मियों के शव मिलने से हड़कंप मच गया. दोनों के शव एक कमरे में मिले, जिसमें एक महिला पुलिसकर्मी शामिल है. बताया जा रहा है कि पुरुष सिपाही का शव फंदे से झूल रहा था जबकि महिला सिपाही की लाश बेड पर पड़ी हुई थी. पुलिस ने दोनों को शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. फिलहाल, ये हत्या है या फिर आत्महत्या पुलिस इसकी जांच-पड़ताल में जुट गई है.**

पूरा मामला शाहगंज थाने इलाके के मिनहाजपुर का है, जहां इकबाल लेख लॉज की दूसरी मंजिल के एक कमरे के अंदर महिला और पुरुष सिपाही की संदिग्ध हालात में डेड बॉडी मिली है. सूचना मिलते ही आनन-फानन में पुलिस के आला अधिकारी मौके पर पहुंच गए. शव को कब्जे में लेने के बाद उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया. पुलिस अब हत्या और आत्महत्या की गुत्थी सुलझाने में जुट गई है.

जानकारी के मुताबिक, मथुरा के रहने वाले और 2019 में यूपी पुलिस में भर्ती हुए राजेश वैष्णव एसीपी के कार्यालय में तैनात थे. राजेश हर दिन अपने ऑफिस तय समय पर पहुंच जाते थे, लेकिन मंगलवार को जब वह अपने ऑफिस नहीं पहुंचे तो उनकी तलाश शुरू हुई. इसी दौरान कुछ लोगों को राजेश की जानने वाले एक महिला सिपाही के कमरे पर भेजा गया.

खेल

# IOA: विनेश की मांग पूरी करने को आईओए आया आगे

### कुश्ती महासंघ से बात कर मान्यता कार्ड दिलाने को कहा

**नई दिल्ली, (एजेंसी) भारतीय कुश्ती महासंघ से लोहा लेने वाली महिला पहलवान विनेश फोगाट की मांग पूरी होती दिख रही है। उनके कोच वॉलर एकोस, फीजियोथेरेपिस्ट अश्वनी पाटिल और स्पारिंग पार्टनर (अभ्यास कराने वाले) पहलवान अरविंद का बिश्केक (किर्गिस्तान) में 19 अप्रैल से शुरू हो रहे ओलंपिक क्वालिफायर में साथ जा सकते हैं। भारतीय ओलंपिक संघ ने भारतीय कुश्ती महासंघ से बात कर तीनों का मान्यता कार्ड जारी कराने को कहा है। आयोजक भी तीनों को मान्यता कार्ड देने को तैयार हो गए हैं, लेकिन इसे जारी करने से पहले एकोस को यूनाइटेड**



**वर्ल्ड रेसलिंग की कोचिंग लाइसेंस फीस भरनी होगी।**

#### साई और आईओए ने किए प्रयास

विनेश ने आरोप लगाया था कि उन्हें ओलंपिक में जाने से रोके जाने की साजिश रची जा रही है। उनके सपोर्ट स्टाफ को क्वालिफायर में साथ नहीं भेजे जाने के लिए उन्हें मान्यता कार्ड जारी नहीं किया जा रहा है। सूत्र बताते हैं कि विनेश के आरोपों के बाद साई ने आईओए से इस दिशा में कदम उठाने को कहा। आईओए ने कुश्ती महासंघ से तीनों सपोर्ट स्टाफ का मान्यता कार्ड बनवाने का लिए कहा। कुश्ती महासंघ ने भी यूडब्ल्यूडब्ल्यू से बात कर तीनों का मान्यता कार्ड बनवाने को कहा। बतौर कोच टूर्नामेंट में शिरकत करने के लिए कोच के पास विश्व संस्था का लाइसेंस होना जरूरी है, जो एकोस के पास नहीं है। आयोजकों ने भी कहा है कि एकोस लाइसेंस फीस भर दें तो उन्हें मान्यता कार्ड जारी कर दिया जाएगा।

#### 50 भार वर्ग में खेलेंगी विनेश

हंगरी के कोच वॉलर एकोस टोक्यो ओलंपिक के दौरान भी विनेश के साथ थे। तब कुश्ती महासंघ ने विनेश के खराब प्रदर्शन के पीछे एकोस को जिम्मेदार ठहराया था। हालांकि विनेश ने एकोस पर भरोसा जताते हुए उन्हें फिर अपने साथ जोड़ा है। एकोस को ओलंपिक गोल्ड क्वेस्ट ने विनेश को उपलब्ध कराया है।

सिनेमा

## सलमान से मिलने पहुंचे सीएम एकनाथ शिंदे, फायरिंग इंसीडेंट के बाद पहली तस्वीर आई सामने



**मुंबई.** अपने मुंबई स्थित घर पर शूटिंग के बाद सलमान खान को पहली बार देखा गया. 16 अप्रैल को सलमान खान से मुलाकात करने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे गैलेक्सी अपार्टमेंट पहुंचे. दोनों की तस्वीरें सामने आ गई हैं. इनमें उन्हें बातचीत करते देखा जा सकता है. सलमान और एकनाथ शिंदे के साथ एक्टर के पिता सलीम खान को भी देखा जा सकता है. जानकारी के मुताबिक, मुख्यमंत्री शिंदे ने सलमान खान और उनके परिवार से कुछ देर बात की. इस दौरान उन्होंने एक्टर को आश्वासन दिया कि उन्हें और उनके परिवार की सिक्योरिटी बढ़ा दी जाएगी. साथ ही उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में वो किसी भी तरह की अंडरवर्ल्ड की एक्टिविटी को नहीं सहेंगे. भले ही वो कोई बिश्नोई गैंग ही क्यों न हो. इससे पहले 15 अप्रैल को सलमान खान से मिलने के लिए राज ठाकरे पहुंचे थे. इसके अलावा एक्टर खुद भी भारी सिक्योरिटी के बीच बाहर निकले थे. हालांकि सिक्योरिटी के चलते उनकी तस्वीरें सामने नहीं आ पाई थीं. अचानक घर पर हुई फायरिंग से सलमान खान का परिवार सकते में है. ऐसे में एक्टर संग उनके घर की सिक्योरिटी में इजाफा किया गया है.

## Highlights

1. KCR gets ECI notice for making insulting remarks against Congress
2. I failed my 1st prelims, was doing more hard work than smart work: UPSC exam topper Aditya
3. Did corporate job for 8 months, felt unsatisfied: 24-yr-old Wardah who got UPSC rank 18
4. What is the science behind 'Surya Tilak' that will illuminate Ram Lalla idol's forehead today?
5. Assam CM Sarma calls Gandhi siblings 'Amul babies', prefers Kaziranga visit
6. Chennai's main drinking water source Veeranam lake dries up

# Indian economy projected to grow 6.5 per cent in 2024: UNCTAD



**NEW DEIHI, (Agency).** United Nations, India's economy is projected to grow by 6.5 per cent in 2024, according to a report by the UN which noted that multinationals extending their manufacturing processes into the country to diversify their supply chains will have a positive impact on Indian exports.

UN Trade and Development in its report released on Tuesday said that India grew by 6.7 per cent in 2023 and is expected to expand by 6.5 per cent in 2024, continuing to be the fastest-growing major economy in the world.

"The expansion in 2023 was driven by strong public investment outlays as well as the vitality of the services sector which benefited from robust local demand for consumer services and firm external demand for the country's business services exports," the report said, adding that these factors are expected to continue to support growth in India in 2024.

The report also noted the increasing focus by multinationals on India as a manufacturing base as they diversify their supply chains, a reference to China.

"In the outlook, an increasing trend of multinationals extending their manufacturing processes into India to diversify their supply chains will also have a positive impact on Indian exports, while moderating commodity prices will be beneficial to the country's import bill," it said.

Last week, the flagship '2024 Financing for Sustainable Development Report: Financing for Development at a Crossroads' launched at the world body said that investment in South Asia, particularly in India, remains strong.

It added that India is benefiting from growing interest from multinationals, which see the country as an alternative manufacturing base in the context of developed economies' supply chain diversification strategies, making an apparent reference to China.

# Apple CEO Tim Cook's big announcement for Indonesia: 'Looking into building...'

**NEW DEIHI, (Agency).** Apple Inc will look into the possibility of building a manufacturing facility in Indonesia, its CEO said on Wednesday after meeting President Joko Widodo.

Apple CEO Tim Cook arrived in Jakarta on Tuesday, after visiting Vietnam. He met with Jokowi, as the president popularly known, and will be inaugurating an academy for Apple developers on the island of Bali.



"We talked about the president's desire to see manufacturing in the country, and it is something that we will look at," Cook told reporters after the meeting.

Apple has based much of its key manufacturing of iPads, AirPods and Apple Watches in Vietnam and suppliers for MacBooks are also investing in the country. Apple has no manufacturing facilities in Indonesia but has established four Apple Developer Academies.

Indonesia has a huge tech-savvy population, making the Southeast Asian nation a key target market for tech-related investment.

# क्राइम ब्रांच ने दबिश दे स्नेहलतागंज में पकड़ा आईपीएल सट्टा

## कलकत्ता और राजस्थान के मैच में कर रहे थे बुकिंग

इंदौर। एमजी रोड इलाके में क्राइम ब्रांच ने आईपीएल के सटोरियों पर कार्रवाई की है। क्राइम ब्रांच की टीम ने एक रिहायशी बिल्डिंग के फ्लैट से दो आरोपियों को पकड़ा है। आरोपियों के पास से मोबाइल, एलईडी और लाखों का हिसाब-किताब मिला है।

एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया के मुताबिक उन्हें सूचना मिली थी कि स्नेहलता गंज की महालक्ष्मी बिल्डिंग के फ्लैट नंबर 508 में दो लोग आईपीएल में सट्टा लगा रहे हैं। वहां पहुंचे तो सटोरिये राजस्थान रॉयल्स और कोलकता नाइट राइडर्स की टीमों के बीच चल रहे क्रिकेट मैच



में सट्टे की बुकिंग कर रहे है। तब क्राइम ब्रांच की टीम बनाकर वहां भेजा गया। यहां राजेन्द्र पुत्र बालीचंद्र दुबे निवासी शाहगढ़ और उसके साथी अमित पुत्र सुरेश गुप्ता निवासी दीनदयाल नगर को पकड़ा गया। बाद में दोनों को एमजी रोड थाने के सुपुर्द कर दिया गया।

### सागर के रहने वाले है आरोपी

दोनो पकड़ाए आरोपी मूल रूप से सागर के रहने वाले हैं। यहां फ्लैट किराये पर लेकर सट्टे का कामकाज कर रहे थे। आरोपियों के पास से 7 मोबाइल,7 सिम और लाखों के हिसाब किताब के साथ एलईडी टीवी और अन्य गैजेट्स जब्त हुए हैं। पुलिस मोबाइल में मिली सिम को लेकर जांच कर रही है।

# तीन युवकों पर चाकू से हमला, दो गंभीर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। लसूड़िया में तीन युवकों पर मंगलवार रात एक युवक ने चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। इस हमले में दो लोगों के पेट में और एक युवक के पैर में चाकू लगे हैं। घटना में दो की हालत गंभीर है। उनका आईसीयू में उपचार चल रहा है। आरोपी अपनी पड़ोसी महिला के घर पर आया हुआ था। पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी है।**



टीआई तारेश सोनी के मुताबिक घटना मंगलवार रात करीब 10 बजे की है। निरंजनपुर बस्ती में रहने वाले राज धुर्वे की शिकायत पर पुलिस ने आकाश पंजारे के खिलाफ हत्या के प्रयास सहित कई गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है। राज के मुताबिक वह अपने दोस्त राजकुमार सोलंकी और संजय नायक के साथ कपड़े लेने राजबाड़ा गया हुआ था। तभी रात में तीनों घर पहुंचे।

राज ने बताया कि इस दौरान उसके पिता विनय बाहर खड़े थे। उनके सिर से खून बह रहा था। राज ने कारण पूछा तो उन्होंने बताया कि पड़ोसी में रहने वाली पूजा भट्ट के यहां आकाश आया हुआ था। बिना कारण ही घर के बाहर खड़े होने के चलते उसने सिर में चाकू से मारा।

यह बात सुनकर राज अपने दोस्तों के साथ पूजा के घर पर पहुंचा और आवाज लगाई तभी वहां आकाश चाकू लेकर बाहर निकला। वहीं राज और उसके दोस्तों को पहलवानी करने की बात करते हुए राज के पेट में चाकू मार दिया। बचाव करने संजय पहुंचा तो उसके पैर में चाकू मार दिया।

वहीं राजकुमार को भी पेट में चाकू मारकर गिरा दिया। तीनों को चाकू लगने के बाद संजय जमीन पर गिर गया। आकाश यहां चाकू लहराता हुआ लोगो को धमकाने लगा। इस दौरान भीड़ इकट्ठा होने पर मौके से आरोपी फरार हो गया। तीनों को एमवाय अस्पताल भेजा गया। यहां रात में पुलिस ने राज के बयान के बाद आरोपी पर केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी।

# धरावरा धाम धन्नड़ के पास बस से टकराई एम्बुलेंस, ड्राइवर की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **इंदौर के धार रोड पर मंगलवार रात हुए सड़क हादसे में एंबुलेंस ड्राइवर की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि देर रात एंबुलेंस बस से टकरा गई थी। मौके पर पहुंची बेटमा पुलिस का कहना है कि घटना धरावरा धाम धन्नड़ के पास की है।**

पुलिस के मुताबिक एंबुलेंस MP09AC4222 अरविंदो से जा रही थी। एंबुलेंस के ड्राइवर मनीष पुत्र धन्नालाल चौहान निवासी देपालपुर ग्राम की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक पीथमपुर की निजी कंपनी की बस ने सामने से एबुलेंस को टक्कर मारी थी। जिसमें उसकी बॉडी गाड़ी फंस गई। रात में शव को बड़ी मुश्किल से बाहर निकाला गया। पुलिस के मुताबिक मनीष सेंधवा में पेसेंट को छोडने गया था। यही से वह अकेला वापस एबुलेंस लेकर अरविदो आ रहा था। तभी हादसे का शिकार हो गया। मनीष की शादी हो चुकी है। उसके परिवार में बच्चे नही है।

# पति के अफेयर से परेशान पत्नी फंदे पर झूली

**इंदौर**। पति के अफेयर से परेशान पत्नी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसने हाथ पर सुसाइड नोट लिखा, जिसमें पति द्वारा प्रताड़ित किए जाने का जिक्र है। पुलिस ने पति के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का केस दर्ज किया है। मामला तेजाजी नगर थाना क्षेत्र की सिल्वर स्प्रिंग फेस-2 का है। यहां रहने वाली 40 वर्षीय कविता पति पंकज पाटिल ने फांसी लगा ली। परिजन के मुताबिक कविता के पति का किसी महिला से अफेयर था। परिजन का आरोप है कि कविता के आपत्ति लेने पर पंकज उसके साथ मारपीट करता था। इससे वह तंग आ चुकी थी।

# 5 साल के एक मासूम के साथ गंदा काम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **बाणगंगा में 5 साल के एक मासूम से अन नेचुरल सेक्स का मामला सामने आया है। आरोपी भी घर के नजदीक ही रहता है। आरोपी मासूम को बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया और फिर उसके साथ गंदा काम किया। शिकायत के बाद पुलिस ने देर रात आरोपी को हिरासत में ले लिया है।**



बाणगंगा पुलिस के मुताबिक इलाके में रहने वाले 5 साल के एक मासूम की शिकायत पर पुलिस ने शिवम नाम के युवक को हिरासत में लिया है। पुलिस ने शिवम पर पर पॉक्सो एक्ट, अन नेचुरल सेक्स सहित अन्य गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक मासूम की मां ने बताया कि रात 9 बजे उसका भाई घर आया और भांजे के बारे में पूछा। तब उन्होंने कहा कि वह बाहर खेल रहा होगा। इसके बाद मासूम बाहर नहीं दिखा तो उसे आसपास के लोगों से पूछताछ कर ढूंढने लगे। तभी किसी ने बताया कि मासूम को नजदीक ही रहने वाले शिवम के साथ देखा है। तब मासूम की मां और भाई शिवम के घर पहुंचे। यहां शिवम की मां ने बताया कि वह बेटे के साथ ऊपर खेल रहा होगा। तब मासूम की मां तीसरी मंजिल पर पहुंची। यहां शिवम के साथ मासूम बाथरूम में था। तब आरोपी ने मासूम का मुंह दबा रखा था और उसके साथ गलत हरकत कर रहा था। यह देखकर परिजन चिल्लाए और शिवम को पकड़ने दौड़े तो वह धक्का देकर भाग गया। परिजन मासूम को लेकर थाने पहुंचे। यहां शिवम पर केस दर्ज करवाया। पुलिस ने देर रात शिवम को हिरासत में ले लिया।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ मो. : 7312433667, 9826044334 ■ प्रबंध संपादक - महेन्द्र पालीवाल ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक